गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में स्वच्छता पखवाडा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता अभियान एवं भारत निर्माण विषय पर भाषण प्रतियोगिता

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में स्वच्छता पखवाडा कार्यक्रम 1 सितम्बर से 15 सितम्बर 2018 तक चलाया जा रहा है| इस कार्यक्रम के अंतर्गत गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में **स्वच्छता अभियान एवं भारत निर्माण** विषय पर भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 12 सितम्बर 2018 को किया गया| भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम 3: 30 बजे से 5:30 बजे तक रजत जयंती सभागार के हॉल संख्या 1 में आयोजित की गयी | इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रत्येक अध्धयनशाला से दो-दो विद्यार्थियों का चयन अध्धयनशालाओं के स्वच्छता कोऑर्डिनेटर एवं सांस्कृतिक समन्वयक किया गया था| प्रत्येक अध्धयनशाला से चयनित विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय स्तर पर **स्वच्छता अभियान एवं भारत निर्माण** विषय पर भाषण दिया जिसमे शिवम मिश्र बी.एस.सी. चतुर्थ सेमेस्टर वानिकी विभाग प्राकृतिक संसाधन अध्धयनशाला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया| द्वितीय स्थान पर आकांक्षा साहू बी.एस.सी.प्रथम सेमेस्टर फॉरेंसिक साइंस विभाग जीवन विज्ञान अध्धयनशाला रही| तृतीय स्थान पर सांत्वना जयहिन्द सिंह बी.टेक.प्रथम सेमेस्टर ओद्योगिक एवं उत्पादन अभियांत्रिकी विभाग तकनिकी संस्थान अध्धयनशाला रहे| इस भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में प्रोफेसर प्रतिभा जे. मिश्रा प्रोफेसर समाजकार्य विभाग, डॉ. राजेश भूषण एसोसिएट प्रोफेसर यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग तथा डॉ. बबिता मांझी असिस्टेंट प्रोफेसर संगणक विज्ञान विभाग रही| इस भाषण प्रतियोगिता की रूपरेखा तय करने में डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. एम्.एन. त्रिपाठी, एन.एस.एस. के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ब्रजेश तिवारी एवं उन्नत भारत अभियान के समन्वयक डॉ. के. के. चंद्रा के साथ साथ अध्धयनशालाओं के स्वच्छता कोऑर्डिनेटर डॉ. गोशाला राजू, श्रीअतुलसाहू, श्रीअजयसमीर कुजूर,डॉ.एम्.एस.धपोला, डॉ.सुशांतवर्मा, डॉ.के.एन.वी.वी.वाराप्रसाद, डॉ. दिलीप कुमार, डॉ.विजयकुमारराय ने अपना सहयोग दिया|

स्वच्छता पखवाड़ा

स्वच्छता पखवाड़ा

स्वच्छता पखवाड़ा